वर्ष 1 - अंक 39
सोमवार 6 जनवरी 2025- कुल पृष्ठ - 4
RNI - NO. MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स

## पोरबंदर के एयर एन्क्लेव में कोस्टगार्ड का

# एडवांस हेलिकॉप्टर क्रैश

## 3 लोगों की मौत

### पोरबंदर में कोस्टगार्ड के एयर एन्क्लेव में रविवार को एक हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया



**रणजीत टाइम्स (संवाददाता)**

इस हादसे में हेलिकॉप्टर में सवार सभी तीन लोगों की मौत हो गई क्रैश के दौरान घायल हुए दो लोगों ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते मे दम तोड़ दिया, जबकि हेलिकॉप्टर से कूदने वाले व्यक्ति की भी मौत हो गई अधिकारियों ने बताया कि कोस्टगार्ड का एडवांस लाइट हेलिकॉप्टर क्रैश हुआ है.कोस्टगार्ड की ओर से इस हादसे पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है स्थानीय पुलिस ने दुर्घटना की पुष्टि की हैएक अधिकारी ने बताया कि इंडियन कोस्टगार्ड का एक एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर ध्रुव रविवार को नियमित प्रशिक्षण उड़ान पर था इसी दौरान उसमें कुछ तकनीकी खराबी आ गई. गुजरात के पोरबंदर कोस्टगार्ड एयरपोर्ट पर लैंडिंग के समय हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसमें सवार सभी तीन लोगों की मौत हो गई. दो महीने पहले भी तटरक्षक बल का एक हेलिकॉप्टर समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था इंडियन कोस्टगार्ड की टीम इस घटना की जांच कर रही है।

# इंदौर से प्रयागराज के लिए सीधी फ्लाइट

### 11 जनवरी से :4 हजार 725 रुपए है किराया, इसी माह कुंभ के लिए स्पेशल ट्रेन भी चलेगी

इंदौर से प्रयागराज के लिए 11 जनवरी से सीधी फ्लाइट शुरू होगी। एलायंस एयर कंपनी इस फ्लाइट का संचालन करेगी। कंपनी इसे प्रयागराज कुंभ को देखते हुए शुरू कर रही है। एयरपोर्ट से मिली जानकारी के अनुसार एलायंस एयर की फ्लाइट नंबर 9I342 हर शनिवार को इंदौर से शाम 8.05 बजे प्रयागराज के लिए रवाना होकर रात 10.05 बजे प्रयागराज पहुंचेगी। बता दें कि इंदौर से प्रयागराज के लिए पहले भी फ्लाइट का संचालन होता था जिसका संचालन विंटर शेड्यूल में बंद हो गया था। प्रयागराज से हर सोमवार को फ्लाइट संख्या 9I340 शाम 7.40 बजे रवाना होकर रात 9.40 बजे इंदौर पहुंचेगी। एलायंस एयर कंपनी ने तीन कैटेगरी में इस फ्लाइट की बुकिंग शुरू कर दी है। पहली कैटेगरी सुपर सेवर है। इसका किराया 4 हजार 724 रुपए है। दूसरी वैल्यू कैटेगरी है। इसका किराया 12 हजार 074 रुपए है। वहीं तीसरी कैटेगरी फ्लैक्सिबल है। इसका किराया 20 हजार 999 रुपए है। बताया जा रहा है कि कंपनी इस फ्लाइट का संचालन एटीआर-72 से करेगी। एटीआर-72 में बैठने की 48 से 78 सीटों तक होती है।



# भाजपा की सरकार जनभावनाओं के साथ

## अदालत के आदेश पर सरकार करा रही निष्पादने








इंदौर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने शनिवार को इंदौर संभागीय कार्यालय में संभाग के सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि, जिला अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता बैठक एवं पत्रकार-वार्ता को संबोधित किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस राजनीतिक स्वार्थ के लिए यूनियन कार्बाइड कचरे को लेकर जनता को गुमराह कर रही है। गैस त्रासदी के लिए कांग्रेस की तत्कालीन सरकारें जिम्मेदार हैं। यूनियन कार्बाइड कचरे की जड़ में कांग्रेस पार्टी ही है। अदालत के आदेश पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की भाजपा सरकार यूनियन कार्बाइड के कचरे का निष्पादन करा रही है। कांग्रेस व अन्य विपक्षी दल कोरोना महामारी में भी भ्रम फैलाया, इसके बाद केन-बेतवा लिंक परियोजना को लेकर भी भ्रम फैलाने की कोशिश की, अब फिर भ्रम फैला रही है। भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता जनता को वस्तु स्थिति से अवगत कराएं और उन्हें बताएं कि इस कचरे को वैज्ञानिकों की निगरानी में निष्पादन किया जाएगा। प्रदेश शासन के मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि पीथमपुर व आसपास की जनता को विपक्ष के भ्रामक प्रचार से बचाना होगा। जनता को कार्यकर्ता सही जानकारी देकर स्थिति बताएं। भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद जी ने कहा कि कोराना महामारी के समय भी कांग्रेस ने भ्रम फैलाया था। अब यूनियन कार्बाइड कचरे को लेकर भ्रम फैलाकर जनता को गुमराह कर रही है। पार्टी कार्यकर्ता संवाद कर जनता को वस्तु स्थिति से अवगत कराएं।

स्वार्थ के लिए देश और प्रदेश के हितों को दांव पर लगाना कांग्रेस की पुरानी आदत- विष्णुदत्त शर्मा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि अपने राजनीतिक स्वार्स्थ के लिए देश और प्रदेश के हितों को दांव पर लगाना कांग्रेस की वर्षों पुरानी आदत है। भोपाल में गैस त्रासदी प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह के कार्यकाल में हुई है। इसके बाद जो भी समस्याएं पैदा हुईं, वह केंद्र और राज्य की तत्कालीन कांग्रेस सरकारों के कारण पैदा हुई हैं। कांग्रेस ने हमेशा से राजनीतिक स्वार्थ के लिए जनता को भ्रमित करने, गुमराह करने का कार्य किया है। यूनियन कार्बाइड के कचरे को पीथमपुरा में निष्पादन के मामले में भी कांग्रेस इसी तरह इंदौर, पीथमपुर और आसपास की जनता को गलत जानकारी देकर गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार इस विषय को लेकर जनता के प्रति संवेदनशील एवं संजीदा है। मध्यप्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार ने पहले ही साफ कर दिया है कि जनता के हित के विरूद्ध कोई भी कार्य नहीं किया जाएगा। यूनियन कार्बाइड कचरे की वैज्ञानिक जांच के बाद ही नष्ट करने के लिए इसे पीथमपुर भेजा गया है। भाजपा सरकार यह कार्य न्यायालय और वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन में कर रही है।

### जनता को विश्वास में लेकर की जाएगी आगे की कार्रवाई, कांग्रेस राजनीतिक रोटी सेंक रही

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि यूनियन कार्बाइड कचरे का निष्पादन जनता की स्वीकारोक्ति और विश्वास में लेने के बाद ही किया जाएगा। कचरा जलाने को लेकर जनता की चिंताओं और भावनाओं को भी 6 जनवरी को मध्यप्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली रिपोर्ट के साथ अदालत के समक्ष रखा जाएगा। इसके बाद अदालत जो निर्देश देगी, उसी के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। श्री शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार जनता के साथ है। जन भावनाओं के विपरीत जाकर कोई कदम नहीं उठाएगी। जनता की सहमति जब तक नहीं मिल जाती यूनियन कार्बाइड का कचरा कंटेनरों में सुरक्षित रखा रहेगा, जैसे वर्षों तक भोपाल में सुरक्षित रखा था। पीथमपुर की घटना को लेकर कांग्रेस जिस प्रकार से राजनीतिक रोटियां सेंकने का प्रयास कर रही है, वह दुर्भाग्यजनक है। कांग्रेस किसी भी तरह प्रदेश का सद्भावनापूर्ण वातावरण को बिगाड़ना चाहती है और इस बारे में पार्टी कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों तथा जनता को भी सतर्क रहने की आवश्यकता है। कांग्रेस जिस तरह झूठ और फरेब की राजनीति करना चाहती है, प्रदेश की जनता के बीच एक परसेप्शन बनाना चाहती है, उसे किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने दिया जाएगा और न ही प्रदेश का वातावरण बिगाड़ने दिया जाएगा। पीथमपुर व आसपास की जनता गुमराह होने से बचाना होगा - कैलाश विजयवर्गीय

मध्यप्रदेश शासन के मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि यूनियन कार्बाइड के कचरे को पीथमपुरा में निष्पादन के मामले में भी कांग्रेस इसी तरह इंदौर, पीथमपुर और आसपास की जनता को गलत जानकारी देकर गुमराह कर रही है। भाजपा कार्यकर्ता विपक्ष के भ्रामक प्रचार को रोकने के लिए जनता को हकीकत बताएं कि मध्यप्रदेश सरकार अदालतों के आदेश व निर्देश पर विशेषज्ञों की निगरानी में पूरी प्रक्रिया कर रही है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार इस विषय को लेकर जनता के प्रति संवेदनशील एवं संजीदा है। कांग्रेस किसी भी तरह प्रदेश का सद्भावनापूर्ण वातावरण को बिगाड़ना चाहती है और इस बारे में पार्टी कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों तथा जनता को भी सतर्क रहने की आवश्यकता है। मध्यप्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार ने पहले ही साफ कर दिया है कि जनता के हित के विरूद्ध कोई भी कार्य नहीं किया जाएगा। यूनियन कार्बाइड कचरे की वैज्ञानिक जांच के बाद ही नष्ट करने के लिए इसे पीथमपुर भेजा गया है।

### पार्टी कार्यकर्ता यूनियन कार्बाइड कचरे संबंधी तथ्यपूर्ण जानकारी सोशल मीडिया पर दें-श्री हितानंद जी

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद जी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कोरोना महामारी के समय भी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा किए जा रहे प्रयासों को लेकर जनता में भ्रम फैलाने का काम कांग्रेस व विपक्षी दलों ने किया था। लेकिन हुआ क्या, भाजपा कार्यकर्ताओं ने लोगों से संवाद कर, जनजागरूकता अभियान चलाकर वस्तु स्थिति जनता को बताई और बाद में प्रधानमंत्री जी के प्रयासों की वैश्विक स्तर पर सराहना की गई। भोपाल स्थित यूनियन कार्बाइड के कचरे को पीथमपुर में निष्पादित करने को लेकर भी विपक्षी दलों द्वारा भ्रम फैलाया जा रहा है। भाजपा के बूथ स्तर के कार्यकर्ता टोली बनाकर जनता से संवाद करें और अदालत के आदेश पर मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों की सही जानकारी जनता को बताएं। भाजपा कार्यकर्ता जनजागरूकता अभियान के माध्यम से क्षेत्र की जनता को वस्तु स्थिति से अवगत कराएं कि भोपाल में 40 साल से कचरा सुरक्षित रखा था, कुछ नहीं हुआ। सोशल मीडिया पर इस मामले को लेकर जनता को गुमराह करने के लिए जो दुष्प्रचार किया जा रहा है, उसका भाजपा कार्यकर्ता तथ्य पूर्ण जानकारी के साथ जवाब दें और जनता को बताएं कि पूरी प्रक्रिया अदालत के आदेश पर वैज्ञानिकों की निगरानी में की जा रही है। इस दौरान पर मंच पर प्रदेश शासन के मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, सुश्री निर्मला भूरिया, श्री नागर सिंह चौहान, प्रदेश महामंत्री व सांसद सुश्री कविता पाटीदार, संभाग प्रभारी श्री राघवेन्द्र गौतम, सांसद श्री शंकर लालवानी, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, जिला अध्यक्ष श्री गौरव रणदिवे सहित इंदौर संभाग के सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि, जिला अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

Double Decker Flyover

# एक साल में होगा तैयार

रणजीत टाइम्स (संवाददाता)

**इंदौर। लवकुश चौराहा पर बनाए जा रहे डबल डेकर फ्लाईओवर के पियर तैयार होने के बाद स्पान पर सेगमेंट की लांचिंग का काम एक सप्ताह पहले शुरू किया गया था। एक स्पान पर 1500 टन वजनी 13 सेगमेंट रखने का काम पुरा कर लिया गया है। अब ग्लू लगाकर स्टेचींग की जाएगी। इसके साथ ही कुसवेरियर और मेडीयन का काम भी होगा। फ्लाईओवर के स्पान पर एक साल में 30 हजार टन वजन के 247 सीमेंट के सिगमेंट रखे जाएंगे। इंदौर विकास प्राधिकरण (आइडीए) द्वारा लवकुश चौराहा पर 174 करोड़ की लागत से डलब डेकर फ्लाईओवर बनाया जा रहा है। इसके 39 पीयर तैयार होने के बाद अब सेगमेंट रखने का काम शुरू किया गया है।**



## एक साल चलेगा सेगमेंट रखने का काम

24 स्पान पर सीमेंट और स्टील के स्पान रखे जाएंगे। एक स्पान में 13 सेगमेंट रखे जाएंगे और एक माह में दो स्पान में सेगमेंट रखने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अनुसार स्पान पर सेगमेंट रखने का काम एक साल चलेगा। सेगमेंट का निर्माण सुपर कारिडोर पर ही किया जा रहा है। अब तक 60 सेगमेंट बनाए जा चुके है।

## रात में होगा सेगमेंट रखने का काम

आइडीए सीईओ आरपी अहिरवार का कहना है कि पियर पर सेगमेंट रखने का काम रात्रि में किया जाना तय किया गया है, ताकि आवागमन बाधित नहीं हो और रखने का काम आसानी से पूरा हो सके। एक साल में इसका निर्माण पूर्ण कर लिया जाएगा।

## मिलिए शिवपुरी के महादानियों विनोद पुरी गोस्वामी पुत्र आदित्य पुरी गोस्वामी से जो करते आ रहे हैं लगातार नेक काम, सैकड़ों लोगों को कर रहे है मोटिवेट और तीसरी बार कर चुके हैं रक्तदान

ऋषि गोस्वामी शिवपुरी

दुनिया में रक्तदान यही एक ऐसा दान है जिसको महादान माना जाता है. शिवपुरी में ऐसे लोगों की यूं तो लंबी फेहरिस्त है जो हर तीसरे माह इस विश्वास के साथ रक्तदान करते हैं कि किसी का जीवन बचाया जा सके. आईए मिलते हैं ऐसे ही कुछ महादानियों से जो समाज के लिए अपने इस काम से प्रेरणाश्रोत बन चुके हैं.

मेरठः यूं तो आपने बड़े-बड़े दानवीरों के बारे में सुना होगा, लेकिन आज हम जिन महादानियों के बारे में बात करने जा रहे हैं वह अपने विशेष कर्तव्य के चलते असल जीवन में महादानी हैं और किसी नायक से कम नहीं हैं. हम बात कर रहे हैं मेरठ के रहने वाले सुनील प्रताप सिंह और राहुल वर्मा के बारे में. विनोद पुरी गोस्वामी पुत्र आदित्य पूरी गोस्वामी शिवपुरी की पृष्ठ भूमि से ताल्लुक रखते हैं, लेकिन उनके रगों में जो खून बहता है उसे वह लगातार दान करते रहते हैं. वह ऐसे शख्स हैं जिन्होंने अब तक तीसरी बार ब्लड डोनेट किया है. उनका मानना है कि कई बार ऐसी दुर्घटना हो जाती हैं जब किसी की भी जान पर बन आती है।

ऐसे में जब किसी को चोट लगती है एवं अति ज्यादा तबीयत खराब रहती है तो स्वाभाविक है कि रक्तश्राव भी होना लाजिमी है. ऐसे में वह हर मुमकिन मदद ऐसे व्यक्ति की करने की इच्छा रखते हैं औऱ आवश्यकता लगती है तो औऱ लोगों को भी मदद के लिए बुलाते हैं. आदित्य पुरी गोस्वामी बताते हैं कि ईश्वर की कृपा है कि वह हर तीसरे बार रक्तदान कर हैं. उनके शरीर में गजब



की फुर्ती बनी रहती है. कई बार कुछ लोग भ्रम उतपन्न करते हैं कि ब्लड डोनेट करने से कमजोरी आ जाती है. ब्लड डोनेट नहीं करना चाहिए, लेकिन ये सब बाते निरर्थक हैं. उन्होंने बताया कि उन्हें बेसब्री से इंतजार रहता है कि कब फोन आए कब में रक्तदान किए हुए हों और वह पुनः ब्लड डोनेट करें. सुकू। आदित्य पुरी गोस्वामी बताते हैं कि सैकड़ों लोगों को प्रेरित करके रक्तदान करने के लिए आगे लाए हैं. वह जहां जाते हैं उन्हें सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है. इंसान का पहला धर्म यही होना चाहिए कि अगर हम किसी भी तरह से किसी की जान बचाने के लायक हैं तो हमें बढ़-चढ़कर आगे आना चाहिए. वह कहते हैं कि उनकी उम्र का नंबर चाहे जो हो लेकिन उनमें खूब फुर्ती है वह बताते हैं कि उन्हें ऐसा करते रहना अच्छा लगता है. उन्हें रक्तदान करने से किसी भी तरह की कोई कमजोरी महसूस नहीं होती है. जब भी किसी प्रोग्राम में वह जाते हैं, तो लोगों को जागरूक करते हैं कि सभी रक्तदान करें। वह चाहते हैं कि लोग आगे आएं ताकि जिन लोगों को समय पर ब्लड नहीं मिल पाता है, उन लोगों के लिए ब्लड की व्यवस्था हो सके।

वह बताते हैं कि कभी भी किसी रक्तदान शिविर में जाकर फोटो खिंचवाने के लिए रक्तदान उन्होंने नहीं किया. बल्कि जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में जाकर ही रक्तदान करते हैं. इसके अलावा वाट्सएप ग्रुप बनाए हुए हैं. जिन लोगों को वह मोटिवेट करते हैं उनका नंबर उस ग्रुप में शामिल कर देते हैं. इससे एक तो सभी प्रेरित होते हैं. साथ ही अगर कहीं किसी को भी ब्लड की आवश्यकता होती है तो उस ग्रुप के सदस्य तत्काल जरूरतमंद के सम्पर्क में आ जाते हैं.

शिवपुरी : यूं तो आपने बड़े-बड़े दानवीरों के बारे में सुना होगा, लेकिन आज हम जिन महादानियों के बारे में बात करने जा रहे हैं वह अपने विशेष कर्तव्य के चलते असल जीवन में महादानी हैं और किसी नायक से कम नहीं हैं. हम बात कर रहे हैं शिवपुरी के रहने वाले आदित्य पुरी गोस्वामी बारे में शिवपुरी की पृष्ठ भूमि से ताल्लुक रखते हैं, लेकिन उनके रगों में जो खून बहता है उसे वह लगातार दान करते रहते हैं. वह ऐसे शख्स हैं जिन्होंने अब तक तीसरी बार ब्लड डोनेट किया है. उनका मानना है कि कई बार ऐसी दुर्घटना हो जाती हैं जब किसी की भी जान पर बन आती है।

ऐसे में जब किसी को चोट लगती है या फिर गंभीर बीमारी रहती है तो स्वाभाविक है कि रक्तश्राव भी होना लाजिमी है. ऐसे में वह हर मुमकिन मदद ऐसे व्यक्ति की करने की इच्छा रखते हैं औऱ आवश्यकता लगती है तो औऱ लोगों को भी मदद के लिए बुलाते हैं आदित्य पुरी गोस्वामी बताते हैं कि ईश्वर की कृपा है।

# एक सच्चे सेल्समैन की कहानी

यह कहानी एक युवा व्यक्ति राहुल की है, जो एक छोटे से शहर में सेल्समैन का काम करता था। उसका काम कठिन था क्योंकि वह जिस प्रोडक्ट को बेचता था, वह बहुत खास नहीं था। यह एक साधारण वॉटर प्यूरीफायर था, और बाजार में पहले से ही कई बड़े ब्रांड के प्यूरीफायर उपलब्ध थे।

चुनौतीः ग्राहक का "ना"

राहुल का हर दिन ग्राहकों के घर जाकर प्रोडक्ट बेचने की कोशिश में बीतता। अधिकतर ग्राहक उसे कहते,

"हमें इसकी जरूरत नहीं है।" या "हम पहले से ही बड़ा ब्रांड इस्तेमाल कर रहे हैं।"

राहुल को बार-बार "ना" सुनने की आदत हो गई थी। लेकिन उसने इसे अपने अनुभव का हिस्सा माना और हर "ना" से कुछ नया सीखने की कोशिश की।

सकारात्मक सोच और नया तरीका

एक दिन राहुल ने सोचा, "ग्राहक 'ना' इसलिए कह रहे हैं क्योंकि मैं उन्हें समस्या और समाधान के बारे में ठीक से समझा नहीं पा रहा।" उसने अपनी रणनीति बदली। अब वह सिर्फ प्रोडक्ट बेचने की कोशिश नहीं करता था, बल्कि ग्राहक की समस्या को समझने की कोशिश करता।

जब वह एक घर गया, तो उसने सीधे यह नहीं पूछा कि वे वॉटर प्यूरीफायर खरीदेंगे या नहीं। उसने पहले उनसे यह सवाल किया: "क्या आपके इलाके में पानी की गुणवत्ता को लेकर कोई समस्या है?"

ग्राहक ने जवाब दिया: "हां, पानी में गंध और अशुद्धियां होती हैं, लेकिन हम क्या कर सकते हैं?"

राहुल ने कहा, "मैं यहां सिर्फ प्रोडक्ट बेचने नहीं आया। मैं आपको इस समस्या का समाधान दिखाने आया हूं।" उसने वॉटर प्यूरीफायर का एक छोटा डेमो दिखाया और पानी की गुणवत्ता को सुधारने के वास्तविक लाभ समझाए।

ग्राहकों के साथ संबंध बनाना-राहुल ने हर ग्राहक से ऐसे बात की जैसे वह उनका शुभचिंतक हो। उसने ग्राहक की जरूरतों पर ध्यान दिया, न कि सिर्फ अपने प्रोडक्ट की बिक्री पर। धीरे-धीरे, उसके ग्राहक बढ़ने लगे। लोग उसके प्रोडक्ट से ज्यादा उसकी ईमानदारी और मेहनत को पसंद करने लगे।

सफलता की कहानीछह महीने में, राहुल ने अपने पूरे जिले में सबसे ज्यादा वॉटर प्यूरीफायर बेचने का रिकॉर्ड बनाया। जब उसके मैनेजर ने उससे उसकी सफलता का राज पूछा, तो उसने कहा: "मैंने प्रोडक्ट बेचने के बजाय समस्याओं का समाधान बेचा।"

## शिक्षा

इस कहानी से हमें यह सिखने को मिलता है:

1. ग्राहकों की समस्या को समझें: प्रोडक्ट बेचने से पहले उनकी जरूरत और समस्या जानना जरूरी है।
2. ईमानदारी और भरोसा बनाएं: ग्राहक सिर्फ प्रोडक्ट नहीं, भरोसा भी खरीदते हैं।
3. ना से घबराएं नहीं: हर "ना" एक सीखने का अवसर है।

याद रखें, एक सच्चा सेल्समैन प्रोडक्ट नहीं बेचता, वह समाधान बेचता है।

**आपका गोपाल गावंडे**
**लेखक और प्रेरक वक्ता**

# दो किसान और दो मानसिकताएँ



गाँव में दो किसान रहते थे। दोनों के पास समान जमीन, समान संसाधन और खेती का समान ज्ञान था। लेकिन उनकी सोच में एक बड़ा अंतर था। पहला किसान सकारात्मक सोच रखता था। उसके लिए हर परिस्थिति एक अवसर थी। वहीं, दूसरा किसान नकारात्मक सोच का शिकार था। वह हर समस्या को बढ़ा-चढ़ाकर देखता था और कभी समाधान पर ध्यान नहीं देता था।

एक दिन बारिश हुई, सकारात्मक किसान ने कहा, "यह बारिश मेरी फसल के लिए वरदान है। इससे मेरी फसल और बेहतर होगी।"दूसरी तरफ, नकारात्मक किसान ने शिकायत की, "अरे, इतनी बारिश में मेरी फसल गल जाएगी। भगवान क्यों मेरे साथ ऐसा करते हैं!"

कुछ दिन बाद धूप निकली। सकारात्मक किसान ने फिर खुशी जाहिर की, "यह धूप मेरी फसल को पकाने में मदद करेगी।" लेकिन नकारात्मक किसान फिर असंतोष व्यक्त करता रहा, "इतनी तेज धूप में मेरी फसल जल जाएगी। मेरी तो किस्मत ही खराब है।" सकारात्मक किसान ने हर परिस्थिति में मेहनत जारी रखी। उसने बारिश से नमी का लाभ उठाया और धूप से फसल को सुरक्षित रखने के उपाय किए। दूसरी ओर, नकारात्मक किसान बस शिकायतें करता रहा और किसी भी परिस्थिति का हल नहीं खोजा।

जब फसल कटाई का समय आया, तो सकारात्मक किसान की फसल बहुत अच्छी हुई। उसकी मेहनत और सकारात्मक सोच ने उसे सफलता दिलाई। लेकिन नकारात्मक किसान की फसल खराब हो गई क्योंकि उसने कभी समाधान खोजने की कोशिश ही नहीं की।

**शिक्षा:**

इस कहानी से हमें यह सीख मिलती है कि जीवन में सफलता और असफलता हमारी सोच पर निर्भर करती है।सकारात्मक सोच और मेहनत हर समस्या को अवसर में बदल सकती है। लेकिन नकारात्मक सोच हर अवसर को समस्या बना देती है। हर परिस्थिति में समाधान खोजें, निराशा नहीं। याद रखें, आपकी सोच ही आपकी तकदीर बदल सकती है।

आपका गोपाल गावंडे
लेखक व प्रेरक वक्ता

# धरना प्रदर्शन के निराकरण को लेकर अपर कलेक्टर पहुंचे पिछोर

रणजीत टाइम्स (जगदीश पाल)

पिछोर (शिवपुरी) पिछोर एसडीएम कार्यालय के सामने जिला पंचायत सदस्य मनीराम लोधी के द्वारा लोगों की समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शनकारियों के बीच निराकरण करने के लिए अपर कलेक्टर दिनेश चंद्र शुक्ला









धरना स्थल पर पहुंचे,जहां उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुना! जानकारी के अनुसार जिला पंचायत सदस्य मनीराम लोधी के नेतृत्व में पिछोर में धरना प्रदर्शन किया जा रहा है उन समस्याओं के निराकरण को लेकर शिवपुरी अपर कलेक्टर दिनेश चंद्र शुक्ला द्वारा एक-एक कर लोगों की समस्याएं सुनी तथा जो भी समस्या आई उन सभी को निराकरण करने का भी आश्वासन दिया,जिस जिस विभाग की जो समस्या थी उन सभी विभागों के प्रमुख भी मौके पर उपस्थित थे! जिस गांव में ज्यादा समस्या थी उस गांव में तहसीलदार को कैंप लगाने के निर्देश भी दिए, ज्यादातर समस्याए बटवारा, रास्ता बंद होने, पात्रता पर्ची होने पर भी खाद्यान न मिलना, फौती नामांतरण तथा गौशाला के संबंध में समस्याएं बनी हुई थी! इन सभी समस्याओं को लेकर अपर कलेक्टर तथा तहसीलदार द्वारा सभी समस्याओं के निराकरण के लिए कहा गया!

जिला पंचायत सदस्य मनीराम लोधी द्वारा कहा गया कि हमारी सबसे महत्वपूर्ण मांग सभी गौशालाएं संचालित की जाये , जिससे पशुओ,जानवरों द्वारा हमारे खेतों को नुकसान न पहुंचे !इस संबंध में अपर कलेक्टर द्वारा गौशालाएं नियमित रूप से संचालित हो सके,इसका निराकरण हम लोग तीन-चार दिनों के अंदर बैठकर हल कर लेंगे! किंतु जिला पंचायत सदस्य द्वारा मौके पर ही निराकरण करने के लिए कहा गया! जिस पर सहमति नहीं बन सकी! इससे पूर्व समस्याओं के निराकरण के संबंध में पिछोर तहसीलदार शिवशंकर सिंह गुर्जर लोगों की समस्याओं को सुनने के लिए मौके पर उपस्थित हुए! लेकिन किसी के द्वारा सुना नहीं गया!

क्या आप भी बनना चाहते हैं
जनता की आवाज ?
तो जुड़िए रणजीत टाइम्स न्यूज़पेपर के साथ
और बनिए जनता की सशक्त आवाज
आपकी खबर, आपकी ताकत!
जुड़ने के लिए अभी संपर्क करें
9827068888, 8224951278
आपका रणजीत टाइम्स
जनताकीआवाज

